>

Title : Need to develop Thabe in district Gopalganj, Bihar as a tourist place.

श्री अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव (गोपालगंज) : अध्यक्ष महोदय, थाबे, गोपालगंज, बिहार में माँ भवानी जी का बहुत ही प्राचीन मंदिर है। यहां सालों भर राज्य एवं देश के अन्य भागों से तीर्थ यात्री हजारों की संख्या में आते रहते हैं। इस मंदिर के प्रति लोगों की काफी आस्था है। इतने प्राचीन एवं प्रसिद्ध मंदिर होने के बावजूद कोई विशेष सुविधा यहां नहीं है। अगर थावे को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकास किया जाये तो तीर्थ यात्रियों के सुविधा के साथ साथ सरकार को अधिक राजस्व की भी प्राप्ति होगी।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीया पर्यटन मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि थाबे गोपालगंज को केन्द्र सरकार द्वारा एक पर्यटन स्थल के रूप में विकास किया जाये और वहां केन्द्र सरकार विशेष आर्थिक मदद दे।